डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा 61 / वाईपी / पीआर / 2022

24.12.2022

प्रकाशन / प्रसारण हेतु

प्रेस विज्ञप्ति
युवा पुरस्कार 2022 प्रस्तुति समारोह

साहित्य अकादेमी 24 भारतीय भाषाओं के विशिष्ट युवा लेखकों को मंगलवार, 27 दिसंबर 2022, सायं 5.00 बजे त्रिवेणी कला संगम, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली–110001 में युवा पुरस्कार 2022 प्रदान करने के लिए युवा पुरस्कार 2022 अर्पण समारोह का आयोजन कर रही है।

इस भव्य समारोह में साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार पुरस्कार विजेताओं को एक उत्कीर्ण ताम्र–फलक और प्रत्येक को रुपये 50,000/– की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करेंगे।

युवा पुरस्कार 2022 पुरस्कार पाने वालों में प्रद्युम्न कुमार गोगोई (असमिया), सुमन पातारी (बाङ्ला), अलंबार मुसाहारि (बर'), आशु शर्मा (डोगरी), मिहिर वत्स (अंग्रेज़ी), भरत खेनी (गुजराती), भगवंत अनमोल (हिंदी), दादापीर जैमन (कन्नड), शाइस्ता खान (कश्मीरी), मायरन जेसन बार्रेटो (कोंकणी), नवकृष्ण ऐहिक (मैथिली), अनघा जे. कोलथ (मलयाळम्), सोनिया खुन्द्राकपम (मणिपुरी), पवन नालट (मराठी), रोशन राई 'चोट' (नेपाली), दिलीप बेहरा (ओडिआ), संधू गगन (गगनदीप सिंह) (पंजाबी), आशीष पुरोहित (राजस्थानी), श्रुति कानिटकर (संस्कृत), सालगे हाँसदा (संताली), हिना आसवानी (सिंधी), पी. कालीमुथ्थु (तमिळ), पल्लिपट्टु नागाराजु (तेलुगु), मक़सूद आफ़ाक़ (उर्दू)।

युवा पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार अध्यक्षीय भाषण देंगे। इस समारोह में प्रख्यात हिंदी साहित्यकार श्रीमती ममता कालिया मुख्य अतिथि के रूप में होंगी। समापन भाषण साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष श्री माधव कौशिक द्वारा दिया जाएगा।

बुधवार, 28 दिसंबर 2022 को पूर्वाह्न 10.30 बजे साहित्य अकादेमी सभागार, प्रथम तल, रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001 में पुरस्कार विजेताओं का लेखक सम्मिलन होगा, जिसमें पुरस्कार विजेता लेखक अपने रचनात्मक अनुभव साझा करेंगे। इसकी अध्यक्षता श्री माधव कौशिक करेंगे।

हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया राष्ट्रीय महत्त्व के इस समारोह को कवर करने के लिए दोनों दिन कार्यक्रम में पधारें या अपने मीडिया से एक कार्मिक सहयोगी को भेजने का अनुग्रह करें।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in